मुंबई युनिवर्सिटी

बी. एड. के नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित

हिन्दी माध्यम

बी. एड. छात्रों

के लिए अप्रतिम उपहार

सफलता का ब्रह्मास्त्र

विद्याधनम् सर्वधनम् प्रधानम्

समकालीन भारत एवं शिक्षा
(Contemporary India & Education)

लेखक

सौ. सरस्वती आर. रांदड़
(डी.एड., एम.ए.बी.एड.)
वरिष्ठ शिक्षिका
डिवाइन हिम हाईस्कूल एण्ड ज्यूनियर कॉलेज,
भाईंदर (पूर्व), ठाणे

देवेंद्र वी. बी. सिंह (वरिष्ठ पत्रकार)
स्नातक- गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
पूर्व उपसंपादक - स्टारडस्ट, हेल्थ ऐण्ड न्युट्रीशन
संस्थापक - श्री राजेन्द्र हनीकॉम्ब,
अध्यक्ष - चिल्ड्रेन एण्ड वीमेन केयर फाउण्डेशन

Unit 3

समकालीन भारत एवं शिक्षा

Contemporary India & Education

संवैधानिक मूल्य एवं शिक्षा के ध्येय

Constitutional Values & Aims of Education

संविधान की प्रस्तावना (Preamble of the Constitution)

भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। इसे तैयार करने के लिए संविधान समिति की स्थापना की गई जिसके अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे। 21 अगस्त 1947 को मसौदा समिति की स्थापना की तथा इस समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. अंबेडकर की नियुक्ति की गई। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के अथक परिश्रम द्वारा संविधान की रचना हुई अतः उन्हें 'संविधान का शिल्पी' कहा जाता है।

संविधान की विशेषताएँ (Characteristics)

(1) भारत का संविधान विश्व का सबसे विस्तृत संविधान है। इसमें सभी मुद्दों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।

(2) भारत एक सार्वभौम एवं प्रभुत्त्व संपन्न संघराज्य है।यह देश किसी भी देश से मैत्रीसंबंध स्थापित करने तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों की सदस्यता प्राप्त करने में स्वतंत्र रुप से सक्षम है।

(3) भारत के संविधान ने धर्मनिरपेक्षता (Secularism) मूल्य को अपनाया है अर्थात भारत का कोई राज्य [illegible] सभी धर्मों को समान महत्व प्राप्त है।

(4) समाजवाद के विकास द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक समानता प्रस्थापित करने का ध्येय संविधान ने रखा है।

(5) संसद को प्रमुख स्थान देकर मंत्रीमंडल के सदस्यों को उसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। परंतु सभी कार्य संयुक्त उत्तरदायित्व से ही किए जाएंगे। अध्यक्ष को अधिकार दिए गए है परंतु वे नाममात्र है।

(6) संविधान परिवर्तनीय एवं अपरिवर्तनीय भी है। यदि उसमें संशोधन करना हो तो एक विधेयक पारित करना होता है। इस पर संसद के दोनों सदन अर्थात लोकसभा एवं राज्यसभा में चर्चा होकर यदि बहुमत से स्वीकृति मिली तो उसे संविधान में स्थान दिया जाता है। किंतु राष्ट्रपति का चुनाव, केंद्रशासित प्रदेश एवं घटक राज्यों के अधिकार, सर्वोच्च न्यायालय आदि विषयों पर संशोधन करना जटिल होता है। अतः यह अपरिवर्तनीय भी होता है।

(7) केंद्र शासन को संविधान ने विस्तृत अधिकार दिए हैं। न्यायपालिका, संघसूची, राज्यसूची, आपातकाल के समय निर्णय आदि विषयों में केंद्र सरकार को सुदृढ़ बनाया गया है।

(8) स्वतंत्रता यह मूल्य अपनाकर नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं किंतु राष्ट्रीय एकात्मता की

दृष्टि से उन्हें भी सीमीत रखा गया है, ताकि अधिकारों के दुरूपयोग से दूसरों को क्षति न पहुँचे।

संविधान का शैक्षणिक महत्त्व (Educational Implication of Constitution)

(1) संविधान कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं व्यवस्थापिका इन संकल्पनाओं को केवल परिभाषित ही नहीं करता बल्कि उनके उत्तरदायित्व एवं कार्यों में भेद स्पष्ट करता है। जनता एवं सरकार में संबंध स्थापित करता है।

(2) संविधान में निहित तत्त्वों का पालन करना प्राथमिक कर्तव्य है।

(3) भारतीय संविधान ने लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकात्मता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता आदि मूल्यों को महत्त्व दिया है। इन्हीं के आधार पर राष्ट्रीय ध्येय निश्चित किए गए हैं।

(4) संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी उल्लेख किया है।

(5) संविधान सत्ताधारी पक्ष की स्थापना के साथ उनकी कार्यवाही पर नजर रखता है तथा अधिकारों के अनुचित उपयोग पर पाबंदी लगाता है।

(6) भारत में कानून से अधिक महत्त्व संविधान को दिया गया है। संविधान प्रत्येक क्षेत्र में न्याय देने का कार्य करता है।

(7) भारतीय संविधान एक अनोखे राष्ट्र का संविधान है जहां विभिन्न जाति, धर्म, भाषा तथा प्रांत के 125 करोड़ लोग रहते हैं।

(8) संविधान में 448 धारा (Article) तथा 12 परिशिष्ट (Schedules) है। अतः यह विश्व का सबसे बड़ा संविधान है।

संविधान की प्रस्तावना (Preamble of the Constitution)

संविधान की प्रस्तावना भारतीय नागरिकों की सामूहिक महत्त्वाकांक्षा को स्पष्ट करती है तथा मूलभूत उद्देश्यों का वर्णन करती है। यह प्रस्तावना स्कूल परिवेश में प्रत्येक छात्र को अमानुष, अनैतिक व्यवहार से सुरक्षा तथा स्वतंत्रता प्रदान करती है।

"उद्देशिका" (प्रस्तावना)

"हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण-प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।"

उपर्युक्त प्रस्तावना यह संविधान का सार है। संविधान में संशोधन करने अथवा कानून बनाने के समय इसके मूल स्वरूप (Basic Structure) को थोड़ा भी बदला नहीं जाएगा ऐसा सर्वोच्च न्यायालय का कथन है।

संविधान प्रस्तावना (उद्देशिका का शैक्षिणक महत्त्व)

(1) संविधान प्रस्तावना भारतीय मूल्यों एवं आदर्शों का प्रदर्शन करती है।

(2) भारतीय जनता की मान्यता को स्पष्ट करती।

(3) भारत देश सार्वभौम, समाजवादी, लोकतांत्रात्मक गणतंत्र राष्ट्र है यह स्पष्ट करती है।

(4) संविधान में समाहित मूल्यों, न्याय, स्वतंत्र, समानता, बंधुता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रीय एकात्मता इन को स्पष्ट करती है।

(5) भारतीय नागरिक किसी भी भेदभाव अथवा अन्याय को सहन नही करेगा इस बात पर बल देती है।

(6) संविधान को 26 नवंबर 1948 को अगीकृत तथा अधिनियमित किया यह बताती है।

(7) राष्ट्र के उद्देश्य, न्याय, समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुता को स्पष्ट करती है।

Unit 3 b.

(B) मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य (Fundamental Rights & Duties)

मौलिक अधिकार (Fundamental Rights)

भारतीय संविधान मे प्रारंभ में सात मौलिक अधिकारों का समावेश किया गया था। किंतु बाद में संपत्ति के अधिकार को सूची में से निकाल दिया गया। अब यह मौलिक अधिकार नही बल्कि सामान्य अधिकार है। 86 वें संविधान संशोधन द्वारा शिक्षा का अधिकार (Right to Education) यह अधिकार मौलिक अधिकारों में समाविष्ट किया गया।

इस प्रकार आज संविधान में सात मौलिक अधिकारों का समावेश है।

(1) समानता का अधिकार

(2) स्वतंत्रता का अधिकार

(3) शोषण के विरूद्ध अधिकार

(4) धार्मिक स्वतंत्रता

(5) संस्कृति एवं शिक्षा की स्वतंत्रता

(6) संवैधानिक उपाय योजना करने का अधिकार

(7) शिक्षा का अधिकार

(1) समानता का अधिकार (Right to Equality) (अनुच्छेद 14 से 18)

समानता का अधिकार में निम्न बातों का उल्लेख है।

- कानून में समानता - भारतीय राज्य में किसी भी व्यक्ति को कानून में समानता तथा समान सुरक्षा से वंचित नहीं रखा जायेगा।
- धर्म, वंश, जाति, लिंग, जन्म आदि के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा।
- सार्वजनिक सेवा लाभ में समान अवसर प्राप्त होगा।
- अस्पृश्यता का पूर्ण रूप से निर्मुलन किया गया है अतः इसके आचरण के लिए कानून में दंड की व्यवस्था की गई है।

(2) स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom) (अनुच्छेद 19 से 22)

- भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
- शांतिपूर्वक एवं बिना शस्त्र के सभा का अधिकार
- संगठन बनाने की स्वतंत्रता
- भारत के किसी भी भाग में भ्रमण का अधिकार
- भारत में कही भी निवास का अधिकार
- किसी भी व्यवसाय उद्योग की स्वतंत्रता
- गुनाह सिद्ध करने हेतु सुरक्षा का अधिकार
- व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा का अधिकार

(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right aganist Exploitation) (अनुच्छेद 23 से 24)

- मानव की खरेदी-विक्री पर पूर्णतः रोक लगाई गई हैं।
- बाल रोजगार के रूप में 14 वर्ष उम्र से छोटे बालकों को कारखाना, खदान आदि स्थानों पर मजदूर के रूप मे नहीं रखा जाएगा।

(4) धार्मिक स्वतंत्रता (Right to Freedom of Religion) (अनुच्छेद 25 से 28)

- शांति पूर्वक धर्म का आचरण एवं प्रसार करना
- धार्मिक व्यवहार की व्यवस्था की देखभाल करना
- धार्मिक संवर्धन के लिए कर देने की स्वतंत्रता

(5) संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार (Cultural & Educational Rights) (अनुच्छेद 29 से 30)

- अल्पसंख्यक वर्ग के हितों का संरक्षण
- भारत में किसी भी प्रांत में रहनेवाले नागरिक समूह को स्वयं की भाषा, लिपि एवं संस्कृति का जतन करने का अधिकार
- अल्पसंख्यक समाज को शैक्षणिक संस्था की स्थापना एवं प्रशासन करने का अधिकार

(6) संवैधानिक उपाय योजना का अधिकार (Right to Constitutional Remedies) (अनुच्छेद 32 से 35)

- मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए नागरिकों को सर्वोच्च न्यायालय में अर्जी करने का अधिकार हैं।
- अधिकारों की सुरक्षा हो तथा उल्लंघन न हो इस तरतूद संविधान में की गई है।
- अनुच्छेद 16(3), 32(3), 33 तथा 34 के अनुसार संसद द्वारा जिस विषय पर कानून की तरतूद आवश्यक है तथा जिन कार्यों को अपराध के रूप में घोषित किया है उन्हें दंड देने का अधिकार केवल संसद को है।

(7) शिक्षा का अधिकार (Right to Education) (अनुच्छेद 21-A)

- संविधान में 2002 की 86 वे संशोधन द्वारा अनुच्छेद 21-A को समाविष्ट किया गया। इस के अनुसार 6 से 14 वर्ष के बालकों के अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।

शैक्षणिक महत्त्व (Educational Implications)

(1) मौलिक अधिकारों में उन अधिकारों का समावेश है जिनके द्वारा नागरिक स्वयं के साथ समाज का विकास करता है।

(2) मौलिक अधिकार भारतीय नागरिक की मौलिक स्वतंत्रता है जो उसके व्यक्तित्व विकास के द्वारा कुशल जीवन जीने का अवसर प्राप्त कराती है।

(3) ये अधिकार भारत के प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, प्रांत अथवा लिंग का हो। इस आधार पर कोई भी भेदभाव नही किया जा सकता।

(4) सभी भारतीयों को शांतिमय एवं एकता के साथ जीवन जीने का अवसर मिलता है।

(5) समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने तथा सत्ता का विकेंद्रीकरण करने पर बल देते हैं।

(6) भारतीय संविधान ने अस्पृश्यता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। अतः जाति, धर्म, वंश, लिंग, जन्मस्थान आदि किसी भी आधार पर भेदभाव करना कानून द्वारा गुनाह माना गया है।

(7) मौलिक अधिकारों के कारण गुलामी, तस्करी, मनुष्य व्यापार आदि अमानवीय कार्यों पर पूर्णतः रोक लगाई गई है।

(8) अल्पसंख्यक समुदाय को संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार देकर उनके अधिकारों की रक्षा की गई है।

(9) स्वतंत्र भारत में मुक्तरूप से जीवन बिताते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने हेतु प्रेरित किया गया है।

मौलिक कर्तव्य (Fundamental ~~Rights~~) DUTIES

भारतीय संविधान में नागरिकों को अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व का बोध कराने हेतु कुछ मौलिक कर्तव्यों का समावेश किया है। इस प्रकार अधिकार एवं कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलु है।

संविधान संशोधन के द्वारा 4(क) यह नया भाग संविधान में जोड़ा गया इस भाग के अनुच्छेद 52(क) में नागरिको के मूलभूत कर्तव्यों का समावेश किया है।

मौलिक कर्तव्य का अर्थ : "भारत की अखंडता की रक्षा हेतु तथा राष्ट्रभक्ति के निर्माण में सहायता करनेवाली नैतिक उत्तरदायित्वों को मौलिक कर्तव्यों का नाम दिया गया है।"

संविधान में कुल ग्यारह मौलिक कर्तव्यों का समावेश किया गया है जो निम्न प्रकार है।

(1) संविधान का पालन करना तथा राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान एवं राजमुद्रा इन राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना।

(2) स्वतंत्रता आंदोलन में प्रेरणादायी आदर्शों का जतन एवं अनुसरण करना।

(3) भारत की अखंडता, एकता एवं सार्वभौमता की सुरक्षा करना।

(4) आवश्यकता पड़ने पर देश की सुरक्षा एवं सेवा के लिए तत्पर रहना।

(5) भारतीय जनता में धार्मिक, भाषिक अथवा प्रांतीय भेदों को दूर कर एकता व बंधुता का निर्माण करना। स्त्रियों की प्रतिष्ठा में घातक रूढ़ियों एवं प्रथाओं को नष्ट करना।

(6) भारत की संमिश्र संस्कृति का जतन कर उसकी सुरक्षा करना।

(7) प्राकृतिक संपत्ति, प्राणी, वनस्पति आदि जीवसृष्टि कर सुरक्षा एवं संवर्धन करना।

(8) विज्ञानवादी दृष्टिकोण, मानवतावाद, खोजप्रवृत्ति एवं सुधारवाद का विकास करना।

(9) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा एवं हिंसक प्रवृत्ति का पूर्णतः त्याग करना।

(10) राष्ट्र की निरंतर वृद्धि एवं विकास के लिए व्यक्तिगत एवं सामुहिक कार्यक्षेत्रों में अतुलनीय सफलता प्राप्त करने का भरसक प्रयास करना।

(11) प्रत्येक अभिभावक द्वारा अपने 6 से 14 वर्ष की आयुवाले बच्चे को शिक्षा का अवसर प्राप्त कराना।

शैक्षणिक महत्त्व

(1) मौलिक कर्तव्य देश के विकास के लिए परिश्रम, लगन एवं निष्ठा के लिए प्रेरणा देते हैं।

(2) सामाजिक अन्याय पर रोक लगाकर मानव अधिकारों की सुरक्षा करते है।

(3) बालकों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना सबसे बड़ा उन्नति का कदम है।

(4) प्रत्येक भारतीय नागरिक में स्वतंत्र, मानवतापूर्ण, आरोग्यदायक समाज की निर्मिती करने की जिम्मेदारी का बोध मौलिक कर्तव्यों द्वारा होता है।

(5) भारत की विविधता, अखंडता एवं संस्कृति का आदर तथा रक्षा के उत्तरदायित्व का स्मरण कराते हैं।

(6) पर्यावरण की सुरक्षा कर प्रदूषण पर रोक लगाने के प्रति जागरुकता उत्पन्न कराते हैं।

(7) भारत में व्याप्त अंधविश्वास, अनिष्ट रूढ़ियां नष्ट कर नागरिकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा खोजप्रवृत्ति निर्मित होने के लिए मौलिक कर्तव्य प्रेरणा देते हैं।

(8) अधिकारों का दुरुपयोग करने पर रोक लगाते हैं।

unit 3C

(C) राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व (Directive Principles of State Policy)

भारतीय संविधान के चौथे भाग के अनुच्छेद 36 से 51 में राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों का उल्लेख किया गया है। इनके आधार पर राज्य द्वारा आर्थिक व सामाजिक समानता के लिए सहायक वातावरण निर्मिती के लिए प्रयास किया जाए यह अपेक्षा व्यक्त की गई है। इन नीति के निर्देशक तत्त्वों का समावेश आयरलैंड के संविधान से किया गया है।

राज्य नीति निर्देशक तत्त्वों को तीन भागों में विभाजित किया गया है।

(1) समाजवादी

(2) गांधीवादी

(3) उदारमतवादी

(1) समाजवादी निर्देशक तत्त्व

- राज्य द्वारा लोकसंवर्धन हेतु समाज व्यवस्था प्रस्थापित करना (धारा 38)
- राज्य द्वारा अनुसरण की नीति के तत्त्व, समान न्याय एवं निःशुल्क सहायता (धारा 39)
- काम, शिक्षा एवं अन्य घटकों में सरकारी सहायता का अधिकार (धारा 41)
- कार्य में न्याय, यथोचित परिस्थिति तथा प्रसूति सहायता की व्यवस्था (धारा 42)

(2) गांधीवादी निर्देशक तत्त्व

- ग्राम पंचायत की सूत्रबद्ध व्यवस्था करना (धारा 40)

के लिए निर्वाह वेतन तथा उद्योग व्यवस्थापन में सहभागिता (धारा 43)

कम आयुवाले बच्चों को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा मुहैया कराना (धारा 45)

जाति, जनजाति तथा दुर्बल घटकों के शैक्षणिक एवं आर्थिक हितों का संवर्धन।

जीवन स्तर को ऊँचा उठाना तथा आरोग्य में सुधार लाना यह राज्यों का प्रमुख कर्तव्य (धारा 47)

एवं पशुसंवर्धन की उचित व्यवस्था करना।

अन्य निर्देशक तत्त्व

के लिए एकरूप नागरी संहिता (धारा 44)

न्याय विभाग शासन से पूर्णतः स्वतंत्र (धारा 50)

राष्ट्रीय स्मारक, स्थल एवं इमारतों की सुरक्षा (धारा 49)

अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा का संवर्धन (धारा 51

...क तत्त्वों का समावेश राष्ट्र के शासकीय व्यवहार के लिए मूलभूत है तथा कानून निर्माण करते समय इन तत्त्वो को लागू करना प्रत्येक राज्य का कर्तव्य है ऐसा विधान धारा 37 में किया गया है। साथ ही यह स्पष्ट किया है कि ये तत्त्व कोई अधिकार या कानून नहीं हैं अतः इनको लागू करने के लिए न्यायालय

राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व

धारा 38- राज्य द्वारा जनकल्याण के संवर्धन हेतु समाजव्यवस्था स्थापित करना।

- जिस समाजव्यवस्था में सभी घटकों के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय निर्मित हो ऐसी समाजव्यवस्था की स्थापना करे तथा उसे प्रभावी तरीके से लागू कर उसका संरक्षण एवं लोक कल्याण के संवर्धन हेतु सदैव प्रयत्नशील रहे।

- राज्य द्वारा केवल व्यक्ति-व्यक्ति में ही नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्र एवं व्यवसाय से जूड़े समूहों में भी आर्थिक विषमता कम करने के भरसक प्रयास किये जाय। सुविधा, अवसर आदि में समानता प्रस्थापित करें।

धारा 39- राज्य द्वारा नीति के अन्य तत्त्वों का अनुसरण।

- जनसामान्यों के हित में भौतिक साधनसंपत्ति के स्वामित्व एवं नियंत्रण का विभाजन किया जाए।
- उपजीविका के लिए पर्याप्त साधन प्राप्त करने का स्त्री व पुरुष दोनों को समान अधिकार हो।
- आर्थिक योजना लागू करते वक्त संपत्ति एवं उत्पादन साधनों का केंद्रीकरण न हो।
- स्त्री-पुरुष दोनों का समान काम के लिए समान वेतन प्राप्त हो।
- स्त्री-पुरुष सभी का स्वास्थ्य, शक्ति का ध्यान रखकर आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उन्हें अत्यधिक परिश्रम अथवा कष्ट के लिए प्रेरित न करें।
- बालकों को स्वतंत्र प्रतिष्ठापूर्ण वातावरण में स्वयं का विकास करने के अवसर उपलब्ध कराया जाए तथा शोषण एवं उपेक्षा आदि से उनका संरक्षण हो।

धारा 40- ग्रामपंचायत की सूत्रबद्ध व्यवस्था करना।

... ग्रामपंचायत की सूत्रबद्ध व्यवस्था करने के लिए क्रियाशील रहेगा। तथा ग्राम पंचायत

(1) मौलिक अधिकारों के संवर्धन हेतु नीति निर्देशक तत्त्वों को लागू करना आवश्यक है।

(2) मौलिक अधिकार तथा नीति निर्देशक तत्त्व एक दूसरे के पूरक है अतः कल्याणकारी राज्य व्यवस्था के लिए इन तत्त्वों का आधार होना जरूरी है।

(3) संविधान की प्रस्तावना में निहित लोकतंत्र की स्थापना के लिए संसद नीति निर्देशक तत्वों की सहायता से कानून बनाती है।

(4) इनके द्वारा संविधान की सीमा में रहकर मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकते हैं।

(5) जन विकास के लिए योग्य नीति बनाने में सहायक है।

(6) न्यायालय के लिए भी उपयुक्त है।

(7) विरोधी पक्ष सरकार के काम-काज पर नियंत्रण रखता है।

(8) पिछड़े एवं दुर्बल समाज के विकास के लिए निर्देशक तत्व महत्त्वपूर्ण है।

(9) सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय के द्वारा जनकल्याण के लिए मार्गदर्शन करते हैं।

शैक्षणिक महत्त्व (Educational Implications)

- जनता के आर्थिक विकास हेतु राज्य सरकार आर्थिक निधी की व्यवस्था करें।
- सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक समानता प्रस्थापित की जाए।
- शिक्षा एवं प्रतिष्ठा दोनों को समान अवसर प्राप्त होता है।
- प्रत्येक नागरिक को उपजीविका प्राप्त करने का समान अधिकार है।
- स्त्री-पुरुष समानता हर क्षेत्र में होगी।
- बालकों की शक्ति का अनुपयोग नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा।
- दुर्बल घटकों को सरकारी नोकरी में आरक्षण प्राप्त होगा।
- शिक्षा के प्रसार तथा अन्य योजनाओं को लागू करने के लिए निधि उपलब्ध कराना।

Unit 4 - A

सार्वजनिक शिक्षा के लिए नीति संरचना
Policy Framework for Public Education

(A) नयी तालीम से शिक्षा अधिकार के मूल स्त्रोत की खोज
Right to Education tracing origin from Naiyee Talim

नयी तालिम/बुनियादी शिक्षा/वर्धा शिक्षा

महात्मा गांधी ने 1937 में वर्धा में एक सभा आयोजित की थी। उस सभा में नयी तालिम/बुनियादी शिक्षा की सिफारिश की गई। गांधीजी ने स्वावलंबन, स्वाभिमान, श्रमप्रतिष्ठा इस त्रिसुत्री पर आधारित योजना बतायी थी। जिसके द्वारा उनके निम्न विचार प्रकट होते हैं-

- विश्व एक विद्यालय है और हम आजीवन छात्र।
- छात्र वास्तविक विश्व में बड़ा होता है।
- यह विश्व बड़ो का, रिश्तो तथा व्यवसायों का है।
- कृति द्वारा शिक्षा महत्त्वपूर्ण अध्यापन पद्धति है।
- छात्र को स्वावलंबन द्वारा शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

इस सभा में अनेक शिक्षा विशेषज्ञ नेता शिक्षा मंत्री उपस्थित थे। चर्चा के बाद निम्न ठराव किए गए।

(1) देशभर में मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा दी जाय।

(2) शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो।

(3) स्थानिक परिवेश के अनुरूप शिक्षा में हस्तोद्योग का समावेश किया जाए।

(4) शिक्षा पद्धति द्वारा शिक्षक के वेतन की सुविधा की जाय।

आगे शिक्षा-योजना तैयार करने के लिए समिती गठित की गई जिसके अध्यक्ष डॉ. जाकिर हुसैन थे। इस समिति में आर्य नायकम, आचार्य विनोबा भावे, काका कालेलकर, किशोरी लाल, के. टी. शाह आदि का समावेश था। संपूर्ण पाठ्यक्रम तैयार करने के बाद महात्मा गांधी ने उसे सम्मति दी। इस प्रकार आगे चलकर इसमें नये परिवर्तन कर यह योजना तैयार की गई जिसे 'नयी तालिम' कहा जाता है।

नयी तालिम की विशेषताएं (Characteristics of Naiee Talim)

(1) मुफ्त एवं अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की सुविधा

(2) शिक्षा का माध्यम केवल मातृभाषा हो।

(3) शिक्षा में हस्तकला को महत्त्वपूर्ण स्थान हो।

(4) शिक्षा स्वावलंबन के आधार पर हो।

(5) जीवन से संबंधित हो।

(6) नागरिकता का विकास करनेवाली हो।

(1) मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा

6 से 14 वर्ष की आयुवाले बालकों को कक्षा 1ली से 8वीं तक की शिक्षा का स्वरूप मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के रूप में हो। कोई भी बालक शिक्षा से वंचित न रहे। जाति, धर्म, लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं हो।

(2) शिक्षा का माध्यम मातृभाषा

"सार्वजनिक शिक्षा का मूल आधार मातृभाषा में शिक्षा है", ऐसा जाकिर हुसैन ने कहा है। बालक पर अंग्रेजी का बोझ लादना अर्थात उसके विकास में बाधा उत्पन्न करना तथा उसके मूल रूप को नष्ट करना है। इसलिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए।" ऐसा गांधीजी का मत था।

(3) शिक्षा में हस्तकला को महत्वपूर्ण स्थान

प्रत्येक स्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप हस्तकला को शिक्षा में स्थान दिया जाय। इसमें सूत कातना, बागवीना, कृषिकार्य, मत्साय व्यवसाय, चर्म व्यवसाय, खिलौने बनाना, बाँस से टोकरी, चटाई बनाना आदि व्यवसायों का समावेश किया जाय।

(4) शिक्षा का आधार स्वावलंबन

छात्र हस्तकला में विभिन्न वस्तुएँ बनाकर स्कूल में ही बेचे तथा प्राप्त पैसों से स्वयं की शिक्षा का खर्च उठाए। इसी में से शिक्षक का वेतन दिया जाय।

(5) जीवन से संबंधित हो

हस्तकला का चुनाव करते वक्त सामाजिक प्राकृतिक परिवेश को ध्यान में रखा जाय। जीवन से संबंधित हस्तव्यवसाय होने से वह भावी जीवन में उसका उपयोग कर सकता है। अतः शिक्षा केवल किताबी न होकर इसका उपयोजन करना सिखाया जाय।

(6) नागरिकता का विकास हो

बालक देश के भावी नागरिक है। उन पर देश का भविष्य निर्भर है। अतः उसे उत्तम नागरिक बनाने के लिए कर्तव्य पालन, उत्तरदायित्व का बोध, सामाजिकता का बोध आदि गुणों का पोषण होना चाहिए। स्कूल में लोकतंत्रात्मक वातावरण का निर्माण हो।

नयी तालिम का पाठ्यक्रम (Curriculum of Naiee Talim)

(1) हस्तकला : स्थानिक परिस्थिति के अनुरूप पाठ्यक्रम में हस्तकला का समावेश किया जाय। इसमें कृषि, सूत कताई, मतस्यपालन, चर्म उद्योग, बागवीना आदि कार्यो से छात्रों में स्वावलंबन, श्रमप्रतिष्ठा जैसे गुणों का पोषण होता है।

(2) मातृभाषा : बालक अपनी भाषा में सहज बोल सकता है अपने विचार व्यक्त कर सकता है। इसलिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो।

(3) गणित : गणित के कारण देनंदिन जीवन तथा अध्ययन में आनेवाली समस्या हल कर सकते हैं।

(4) समाजशास्त्र : इतिहास, भूगोल तथा नागरिकशास्त्र इन विषयों को समाजशास्त्र मे स्थान दिया गया है।

Explain about Nayee Taleem. — 15 marks
नई तालीम के बारे मे वर्णन कीजिए -
नई तालीम [illegible]

(5) चित्रकला : हस्तकला के प्रारंभ में चित्रकला सिखाइ जाय।

(6) संगीत : हस्तकला, चित्रकला एवं संगीत एक साथ सिखाये जाय।

(7) सामान्य विज्ञान : इसमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रासायनिक विज्ञान तथा शारीरिक विज्ञान का समावेश किया गया।

(8) स्वास्थ्य शिक्षा : व्यायाम, खेल, योग द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए।

(9) हिंदी : हिंदी का राष्ट्रभाषा के रूप में पाठ्यक्रम में समावेश किया गया।

नयी तालिम के गुण (Merits of Naiee Talim)

(1) शिक्षा का आर्थिक तनाव कम करनेवाली - भारत में अधिकतर लोग गरीब है जो शिक्षा का भार नहीं उठा पाते अतः आर्थिक भार दूर कर शिक्षा प्राप्त करना सरल हो पाता है।

(2) राष्ट्र के विकास में योगदान करनेवाली- आर्थिक रूप से स्वावलंबन होना एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है। छात्र अर्थात देश के भावी नागरिक स्वावलंबी होकर राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान देने की लिए समर्थ होंगे।

(3) कृति द्वारा शिक्षा- छात्र की कृतिशीलता को प्राथमिकता देकर पाठ्यक्रम में हस्तकला का समावेश किया गया है।जिससे छात्र के मन में अध्ययन के प्रति रुचि उत्पन्न होती है।

(4) सर्वांगीण विकास करनेवाली- यह छात्र के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास की ओर ध्यान देनेवाली शिक्षा है।

(5) मातृभाषा को महत्त्व देनेवाली- शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होने से छात्र अपनी भाषा का सम्मान एवं विकास स्वयंप्रेरणा से करने लगता है।

(6) छात्र केंद्रीत- छात्र को केंद्र में रखकर यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया है।

(7) राष्ट्रीय एकता बढ़ानेवाली- शिक्षा में सभी घटकों को समान अवसर देकर भेदभाव मिटानेवाली पध्दति है। इससे राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक एकता का विकास होता है।

(8) आर्थिक समानता लानेवाली- प्रत्येक वर्ग के बालक को समान अवसर मिलने से सभी के बीच की आर्थिक विषमता दूर करती है।

unit -4b

शिक्षा का अधिकार -RTE (Right to Education)

सन 2002 में संविधान में संशोधन कर धारा 21(A) का समावेश किया गया। इसके अनुसार 6 से 14 वर्ष की आयुवाले बालकों को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार भारतीय संविधान के अधिकार सूची में समाविष्ट किया गया है। प्राथमिक शिक्षा का सार्वत्रिकीकरण करना यह इस अधिकार का मुख्य उद्देश्य है।

शिक्षा का अधिकार कानून की विशेषताएं (Characteirstics of Right to Education)

(1) मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा- 6 से 14 उम्र के बालकों को नजदीक की स्कूल में मुफ्त प्रवेश दिलाकर अनिवार्य रूप से शिक्षा प्राप्त करने का हक है।

(2) 25 प्रतिशत आरक्षण- सभी स्कूलों में 25 प्रतिशत स्थान दुर्बल एवं पिछड़े घटकों के बच्चों के लिए आरक्षित हो तथा इन बालकों को शत प्रतिशत प्रवेश दिया जाएगा।

(3) निःशुल्क प्रवेश- 6 से 14 वर्ष आयुवाले बालक को निःशुल्क प्रवेश प्राप्त होगा तथा मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।

(4) समकक्ष छात्र- यदि कोइ बालक अब तक कभी भी स्कूल नहीं गया हो, फिर भी उसकी उम्र के अनुसार

उचित कक्षा में प्रवेश दिया जाए। उसे पहली कक्षा से पढ़ना जरूरी नहीं होगा। इस छात्र को कक्षा के अन्य छात्रों से समकक्ष स्तर पर लाने हेतु विशेष अध्ययन की सुविधा दी जाएगी।

(5) प्रवेश पूरे सत्र में कभी भी- पहले प्रवेश की अंतिम तिथी 30 जुलाई होती थी। उसके बाद अगले सत्र में ही प्रवेश दिया जाता था जिससे बालक का वह वर्ष बेकार हो जाता था। अतः आर. टी. ई. के अनुसार शैक्षणिक सत्र में कभी भी प्रवेश ले सकता है।

(6) जन्मप्रमाण पत्र या अन्य प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं- बालक के अभिभावक के पास उसकी जन्म तारीख से संबंधित कोई रिकॉर्ड न हो तब भी उसे स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा।

(7) शिक्षा पूर्ति प्रमाणपत्र- प्रत्येक छात्र को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा अर्थात फेल नहीं किया जाएगा । उसकी प्राथमिक शिक्षा (पहली से आठवीं) पूर्ण होने के बाद उसे शिक्षापूर्ति प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

(8) प्रवेश पूर्व कसौटी पर रोक- बड़े-बड़े स्कूलों में प्रवेश से पूर्व अभिभावकों का इंटरव्यू तथा छात्र की प्रवेश परीक्षा ली जाती है। अतः इस प्रकार की कोई भी पूर्व परीक्षा आर. टी. ई. अनुसार नहीं ली जाएगी।

(9) अधिकारों का संरक्षण- बालकों को प्राप्त अधिकारों का संरक्षण करने हेतु राज्य बाल अधिकार सुरक्षा आयोग की स्थापना हुई है।

(10) दंड पर पाबंदी- आर. टी. ई. के अनुसार किसी भी छात्र को शारीरिक अथवा मानसिक दंड देने का अधिकार नहीं है। उसे शाब्दिक रूप से व्यंगात्मक शब्द बोलने का भी हक नहीं है। यदि ऐसी कोई भी दंडात्मक क्रिया की गई तो उस व्यक्ति पर उचित कारवाई करने का प्रावधान किया गया है।

(B) सर्व शिक्षा अभियान (S.S.A 2000)

भारत सरकार ने शिक्षा के सार्वत्रिकीकरण के लिए स्वतंत्रता प्राप्ति से आज तक अनेक योजनाओं को लागू किया। फिर भी शत प्रतिशत साक्षर भारत को स्वप्न साकर नहीं हो पाया। इन योजनाओं की तरह केंद्र सरकार ने वर्ष 2001-2002 से 'सर्व शिक्षा अभियान' मुहिम को संपूर्ण भारत में क्रियान्वित किया। इसके अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के ध्येय को पूर्ण करने का प्रयास किया गया। साथ ही स्कूल प्रशासन में समाज के सभी घटकों का सक्रिय सहभाग उद्देश्य को सर्व शिक्षा अभियान द्वारा पूर्ण करने का प्रयास किया गया।

सर्व शिक्षा अभियान के प्रमुख ध्येय (Aims of S.S.A)

(1) वर्ष 2010 तक 6 से 14 आयु वाले सभी बालकों को उपयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना।

(2) स्थानिक जनता का स्कूल प्रबंध में सक्रिय सहभाग लेकर सामाजिक भेदभाव दूर करना।

(3) छात्रों के आध्यात्मिक तथा भौतिक क्षमताओं के विकास हेतु अवसर प्राप्त कराना।

सर्व शिक्षा अभियान की विशेषताएं (Charachteristics of S.S.A)

(1) 2003 से पहले सभी बालकों को स्कूल में प्रवेश दिलाना।

(2) 2007 से पहले सभी बालकों को 5 वर्ष की प्राथमिक शिक्षा मुहैया कराना।

(3) 2010 के पहले बालकों को 8 वर्ष की प्राथमिक शिक्षा दिलाना।

(4) जीवनोपयोगी तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल देना।

(5) सामाजिक विषमता दूर कर 2010 तक समान स्तर पर शिक्षण को स्थान देना।

सर्व शिक्षा अभियान की कार्यवाही (Action Plan of S.S.A)

सर्व शिक्षा अभियान की कार्यवाही में प्रधानमंत्री से लेकर मानव संसाधन विकास मंत्री (HR) जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत राज, स्कूल व्यवस्थापन समिति (SMC), शिक्षक-अभिभावक संघ (PTA), माता-अभिभावक-शिक्षक संघ (MPTA), स्थानिक स्वराज्य संस्था, राज्य तथा केंद्र इन सबका समावेश है।

सर्व शिक्षा अभियान की कार्यवाही में निमन घटकों का समावेश किया गया।

- शिक्षकों की नियुक्ति करना।
- नए स्कूलों की स्थापना करना।
- उच्च प्राथमिक कक्षाओं को जोइना।
- अधिक वर्ग (Divisons) एवं अन्य सुविधाओं की पूर्ति करना।
- स्कूल अनुदान (Grant Aids) प्रदान करना।
- शिक्षक अनुदान (Teacher Grant) प्रदान करना।
- दुरस्ती एवं देखभाल अनुदान (Maintenance) प्रदान करना।
- शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना।
- शिक्षकों का प्रशिक्षण देना।
- लोकप्रतिनिधी प्रशिक्षण देना।
- विशेष बालकों के लिए सुविधा (अपंग, मतिमंद आदि) प्रदान करना।
- लड़कियों की शिक्षा पर बल देना।
- बी.आर.सी. (Block Resource Center) तथा सी.आर.सी. (Cluster Resource Center) की स्थापना करना
- शालाबाह्य बालकों को स्कूल में प्रवेश दिलाना।

इस प्रकार सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम द्वारा शिक्षा के सार्वत्रिकीकरण के साथ भौतिक सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण विकास पर अधिक ध्यान दिया गया।

सर्व शिक्षा अभियान द्वारा चलायी गई योजनाएं

(1) उपस्थिति भत्ता

(2) मुफ्त गणवेश तथा लेखन साहित्य

(3) अपंग समावेशक शिक्षा

(4) शालेय पोषण आहार

(5) महात्मा फुले शिक्षा योजना

(c) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा (Rashtriya Madhyamik Shiksha)

प्राथमिक शिक्षा के सार्वत्रिकीकरण हेतु जिस प्रकार सर्व शिक्षा अभियान मुहिम चलाई गई उसी प्रकार मार्च 2009 में माध्यमिक शिक्षा अभियान प्रारंभ किया गया। इसके उद्देश्य थे- माध्यमिक शिक्षा में प्रवेश दर बढ़ाना तथा गुणवत्ता बढ़ाना। इस अभियान की कार्यवाही, शैक्षणिक सत्र 2009-10 से शुरु की गई। जिसमें 14 से 18

वर्ष आयुवाले छात्रों के लिए सहज, सरल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रारंभ किया गया। इसके अंतर्गत निम्न योजनाओं का क्रियान्वयन करना यह प्रमुख दृष्टिकोण था।

- छात्रों को 5 से 7 कि. मी. की दूरी पर माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्कूल उपलब्ध कराना।
- 2017 तक माध्यमिक शिक्षा का सार्वत्रिकीकरण करना तथा 2020 तक पटसंख्या स्थिर रखना।
- दुर्बल, आर्थिक रूप से पिछड़े, शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े, लड़कियां तथा अन्य उपेक्षित घटकों को के बालकों को माध्यमिक शिक्षा की सुविधा प्राप्त कराना।

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत दी गई भौतिक सुविधाएँ

- अतिरिक्त कक्षा- एक माध्यमिक स्कूल में कम से कम दो अतिरिक्त कक्षाओं की सुविधा दी गई है। 10वी के बाद उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए चार अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। इनकी पूर्ति करने के लिए सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा।
- प्रयोगशाला (Laboratory)- विज्ञान तथा गणित विषय के लिए एकत्र प्रयोगकक्ष निर्मिती अनुदान प्राप्त होगा।
- ग्रंथालय (Library)- स्कूल परिवेश में ग्रंथालय बांधकाम हेतु अनुदान दिया जाएगा।
- पेयजल एवं शौचालय की सुविधा- छात्र/छात्राओं के लिए स्वतंत्र शौचालाय की व्यवस्था करना तथा पेयजल की पूर्ति करना।
- संगणक कक्ष (Computer Lab)- स्कूल में बेहतर संगणक कक्ष का निर्माण किया जाए।

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि हेतु उपाय

- शिक्षकों की नियुक्ति- छात्र संख्या में वृद्धि होने पर उनका तथा शिक्षकों का अनुपात 35:1 इस प्रकार रहेगा।
- विज्ञान कक्ष- विज्ञान विषय में माध्यमिक स्तर पर कृति को अधिक महत्त्व दिया गया है। प्रयोग, प्रकल्प, प्रात्यक्षिक इन विधियों के उपयोग के लिए विज्ञान कक्ष उपलब्ध किया जाएगा।
- पाठ्यक्रम संरचना- पाठ्यक्रम की संरचना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखकर की गई।
- शिक्षक प्रशिक्षण- शिक्षकों की व्यावसायिक वृद्धि के लिए प्रत्येक वर्ष सेवांतर्गत प्रशिक्षण की योजना चलाई जाती है।
- अध्यापन पद्धति- शिक्षा के गुणवत्ता विकास हेतु नयी-नयी अध्यापन पद्धति का उपयोग किया जा रहा है।
- सूचना संप्रेषण तकनीकी (ICT)- संगणक विषय में आइ. सी. टी. की शिक्षा की व्यवस्था की जाए।

माध्यमिक शिक्षा अभियान की कार्यवाही पद्धति

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान केंद्र एवं राज्य सरकार की दूरगामी योजना है। इसके लिए केंद्र द्वारा तथा राज्य द्वारा अनुदान उपलब्ध कराया जाता है जिसकी सहायता से कार्यवाही की जाती है। जिला स्तर पर अध्ययन कर वार्षिक नियोजन की रूपरेखा तैयार की जाती है। इसको राज्यस्तर समिती द्वारा मान्य प्राप्त होने के लिए उसका मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन अहवाल, सुझाव उपलब्ध निधी आदि को ध्यान में रखकर योजना की कार्यवाही को मंजूरी दी जाती है।

Unit 5

शिक्षा आयोग तथा सिफारिशें
Education Commission & Recommendations

(A) भारतीय शिक्षा आयोग 1964-66
Indian Education Commission 1964-66

भारतीय शिक्षा आयोग का गठन 14 जुलाई 1964 को किया गया। इस आयोग के अध्यक्ष डॉ. कोठारी थे इसलिए इसे कोठारी आयोग (Kothari Commission) भी कहा जाता है। भारतीय शिक्षा आयोग ने भारत के विकास में भारतीय संस्कृति, आदर्शों तथा मूल्यों के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण द्वारा प्राप्त शिक्षा उपयुक्त है इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर रिपोर्ट तैयार किया तथा इसे 29 जून 1966 को प्रस्तुत किया।

शिक्षा में गुणवत्ता विकास करना तथा शिक्षा का विस्तार करना यह भारतीय शिक्षा आयोग का प्रमुख उद्देश्य था। इस प्रकार अपने रिपोर्ट में निम्न उद्देश्यों का स्पष्टीकरण किया है-

कोठारी शिक्षा आयोग के उद्देश्य (Objectives of Kothari Commission)

(1) शिक्षा का आधुनिकीकरण करना (Modernisation of Education)

भारत एक विकासशील देश है। उसके विकास हेतु आधुनिक तकनीकी का उपयोग आवश्यक है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा तकनीकी कुशलता द्वारा उत्पाद बढ़ाना तथा जीवन स्तर को ऊँचा उठाना समय की माँग है, इसके लिए शिक्षा द्वारा आधुनिक, सुशिक्षित नागरिक का निर्माण करना है जो तकनीकी ज्ञान में कुशलता प्राप्त कर चुका हो। अतः शिक्षा का आधुनिकीकरण आवश्यक है।

(2) लोकतंत्र की सुरक्षा - शिक्षा द्वारा छात्रों में राष्ट्र के सुरक्षा की जिम्मेदारी से अवगत तथा जागरूक करना। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर देश की सुरक्षा के लिए युद्ध करने की क्षमता छात्रों में विकसित करनी होगी। लोकतंत्र का संवर्धन करने के लिए सबको शिक्षा के समान अवसर, उत्तम नागरिकता का निर्माण, नेतृत्व क्षमता का विकास शिक्षा द्वारा किया जाए ऐसा कोठारी आयोग का आग्रह है।

(3) राष्ट्रीय एकात्मता का निर्माण - शिक्षा ग्रहण करते समय अलग-अलग जाति, धर्म, भाषा, लिंग के छात्र एकत्र होते हैं। उनमें अपनत्व तथा बंधुता के साथ राष्ट्रीय एकात्मता की भावना निर्माण करना जरूरी है। हम सब भारतीय होने के नाते भाई-भाई है यह भावना उत्पन्न करना आवश्यक है।

(4) मूल्यों का संवर्धन - छात्रों में आध्यात्मिक तथा नैतिक मूल्यों का निर्माण करना आवश्यक है। इन मूल्यों के कारण ही व्यक्ति एवं समाज का विकास होता है। सत्य, ईमानदारी, देशभक्ति, आदर इनका महत्त्व समझाकर उनमें आदर्श नागरिकता का निर्माण हो ऐसी शिक्षा दी जाए।

(5) शिक्षा द्वारा उत्पादकता बढ़ाना - छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा देकर उन्हें उत्पादन बढ़ाने के लिए

कुशल बनाना है। श्रम द्वारा तथा कार्यानुभव द्वारा व्यक्ति की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। अतः समाजसेवा तथा कार्यानुभव विषयों का समावेश पाठ्यक्रम में किया गया है।

भारतीय शिक्षा आयोग की सिफारिशें

- छात्रवृत्ति : दुर्बल तथा आर्थिक रूप से पिछड़े हुए छात्रों को शिक्षा में सहायता कर' के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। इसके अंतर्गत छात्रों को शैक्षणिक सामग्री का खर्च, व्यावसायिक शिक्षा के लिए तथा विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृत्ति दी जाती है।
- समाजसेवा : महाविद्यालयीन स्तर पर एन.एस.एस.तथा एन. सी. सी. इन विषयों में से कोई एक विकल्प छात्रों को चुनना होता है।
- समयसारणी : महाविद्यालय में पूरे सत्र में 36 सप्ताह का कालावधी तय किया गया है।
- शिक्षा की संरचना : कक्षा पहली से दसवीं तक दस वर्ष का कार्यकाल रहेगा। जिसमें कक्षा 1 से 4 निम्न प्राथमिक, 5 से 8 उच्च प्राथमिक तथा 9 से 10 माध्यमिक ऐसा विभाजन किया गया है। उच्च माध्यमिक में दो वर्ष का कार्यकाल 11वीं तथा 12वीं का रहेगा।
- पाठ्यक्रम : त्रिभाषा सूत्र का अमल किया जाता है। जिसमें हिंदी, अंग्रेजी तथा एक प्रादेशिक भाषा का समावेश है। गणित, विज्ञान तथा समाजशास्त्र इनका समावेश अनिवार्य विषयों के रूप में है। इनका संबंध तकनीकी से जुड़ा हुआ हो। कार्यानुभव, शारीरिक शिक्षा तथा नैतिक शिक्षा विषयों का समावेश पाठ्यक्रम में किया गया है।
- व्यावसायिक शिक्षा : माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को अधिक महत्त्व दिया गया है। छात्र स्वावलंबन द्वारा तथा कृतिद्वारा अध्ययन कर व्यावसायिक कुशलता प्राप्त करे, यह इसका प्रमुख उद्देश्य है।
- गुणवत्ता वृद्धि : गुणवत्ता विकास की दर हमेशा वृद्धिगत रहे इसलिए स्कूल मान्यता कायम रखने अथवा मान्यता प्रदान करने के लिए यह मानक लागू किया गया है।
- सीआरसी (CRC) : प्रत्येक स्थानीय विद्यालय एक-दूसरे के समन्वय द्वारा स्वयं का विकास करें इसलिए उस क्षेत्र की एक स्कूल को सीआरसी (Cluster Resource Centre) अर्थात केंद्रीय स्कूल के रूप में देकर अन्य स्कूल उससे जोड़े गये हैं जिससे प्रत्येक स्कूल इस योजना द्वारा अपना गुणवत्ता विकास करे।

unit 5 (a)

(B) राष्ट्रीय शिक्षा नीति -1986
(National Policy of Education - 1986)

भारतीय शिक्षा आयोग द्वारा रचित पाठ्यक्रम तथा शिक्षा नीति के उपायों से भारत के आर्थिक तथा शैक्षणिक विकास में अधिक वृद्धि दिखाई नहीं दी। अतः एक नई शिक्षा नीति की आवश्यकता महसूस हुई। इसलिए 1983 में एक रिपोर्ट प्रसिद्ध किया गया जिसका स्वरूप इस प्रकार था-

(1) शैक्षणिक चुनौती

(2) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के 12 विभाग

(3) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 कृतियुक्त कार्यक्रम

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की सिफारिशें / विशेषताएँ

समान पाठ्यक्रम : राष्ट्रीय स्तर पर सभी के लिए समान पाठ्यक्रम की रचना हो तथा सभी के लिए शिक्षा अनिवार्य हो। पाठ्यक्रम में लचीलापन होना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम तैयार किया जाए। पाठ्यक्रम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, लोकतंत्र, सर्वधर्मसमभाव, राष्ट्रीय एकात्मता आदि घटकों का समावेश अवश्य हो।

जीवन में महत्वपूर्ण स्थान : शिक्षा एक मौलिक आवश्यकता है इसलिए जीवन में इसका स्थान महत्त्वपूर्ण होना चाहिए। इस प्रकार शिक्षा को प्रमुख निवेश माना जाए।

समान अवसर : सभी स्तरों पर शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराए जाए। इसमें बालक, प्रौढ़, स्त्री इनका समावेश हो। इनके लिए प्रौढ़ शिक्षा, नाइट स्कूल, दूरस्थ शिक्षा, ऑनलाईन शिक्षा पद्धति इनकी सुविधा प्राप्त करायी जाए। पाठ्यक्रम का उपयोग रोजगार या व्यवसाय प्राप्ति के लिए होना चाहिए। अपंग, अल्पसंख्यक, आदिवासी समाज के लिए विशेष स्कूल निर्माण कराए जाए।

प्रतिभाशाली छात्रों की विशेष सुविधा : प्रतिभाशाली मेधावी (Gifted Children) छात्रों के लिए विशेष विद्यालयों का निर्माण हो। उदाहरणस्वरूप-नवोदय विद्यालय। इन स्कूलों में ग्रामीण, आर्थिक रूप से पिछड़े किंतु प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को प्रदेश के समान अवसर मिलने चाहिए।

मुक्त विश्वविद्यालय : शिक्षा के सार्वत्रिकीकरण के लिए प्रौढ़ तथा असामान्य घटकों के लिए दूरस्थ शिक्षा अथवा मुक्त विश्वविद्यालयों (Open University) की स्थापना की जाए।जैसे- इंदिरा मुक्त विश्वविद्यालय, यशवंतराव चव्हाण मुक्त विश्वविद्यालय आदि।

तकनीकी शिक्षा : भारत जैसे विकसनशील राष्ट्रों में उद्योग में वृद्धि के लिए तकनीकी ज्ञान तथा प्रबंध (ICT and Management) का अत्यंत महत्त्व है इसलिए पाठ्यक्रम में इन विषयों को स्थान दिया जाए इसके लिए विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।

मूल्यमापन पद्धति : मूल्यमापन निरंतर होना आवश्यक है। विभिन्न स्तरों पर इसकी व्यवस्था की जाए जैसे- शिक्षक स्तर, छात्र स्तर, अभिभावक स्तर। अंकों के साथ श्रेणी पद्धति का उपयोग किया जाए। मूल्यमापन में वस्तुनिष्ठता (Objectivity) तथा वैधता (Reliability) का विशेष ध्यान रखकर परीक्षा पद्धति का नियोजन किया जाना चाहिए।

शिक्षक प्रशिक्षण : शिक्षकों में व्यावसायिक कुशलता, खोज प्रवृत्ति, सृजनशीलता आदि का निर्माण हो, ऐसे प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। शिक्षकों का समय-समय पर मूल्यांकन होना चाहिए। नियुक्ति के लिए मानक निश्चिती तथा वेतन पद्धति की नियमावली तैयार की जाए।

उपलब्ध साधन सामग्री का उचित उपयोग : शिक्षा का व्यावसायीकरण तेजी से हो रहा है। अतः इसमें निवेश उचित पद्धति से किया जाए। जिससे सरकार पर आर्थिक भार का दबाव न पड़े। प्रत्येक पंचवर्षिय योजना में इसका पुनरावलोकन कर नयी नीतियों का समावेश किया जाए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा निर्मित राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति (National System of Education)

राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति का तात्पर्य है संपूर्ण भारत में एकात्म शिक्षा पद्धति। इसमें पाठ्यक्रम पद्धति, सुविधाएं, योजनाएं आदि का स्तर समान होगा। इस शिक्षा पद्धति में निम्न प्रकार से आकृतिबंध (Frame) तैयार किया है।

- प्राथमिक शिक्षा- कक्षा 1 से 5
- उच्च प्राथमिक शिक्षा- कक्षा 6 से 8

- माध्यमिक शिक्षा- कक्षा 9 से 10
- उच्च माध्यमिक शिक्षा- कक्षा 11 से 12
- उच्च शिक्षा- कक्षा 13 से 15 (F.Y. to T.Y.)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में समाविष्ट नयीं योजनाएं

ब्लैकबोर्ड मुहिम (Operation Black Board)

इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य स्कूल की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इस मुहिम द्वारा शैक्षणिक सामग्री, शिक्षक, इमारत, स्त्री शिक्षिका इन प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति करनी थी।

(1) कक्षा-कक्ष का निर्माण जो विस्तृत, हवादार तथा प्रकाशमय हो।

(2) खेल का मैदान तथा क्रीड़ा साहित्य।

(3) प्रत्येक कक्षा में उचित आकार का ब्लैक बोर्ड।

(4) विषयों के अनुसार चार्ट उपलब्ध करना।

(5) मानचित्र तथा प्रतिकृति (Maps & Models)

नवोदय विद्यालय की स्थापना

प्रतिभाशाली छात्रों को शिक्षा हेतु नवोदय विद्यालयों का निर्माण किया गया। इसके कारण आर्थिक रूप से पिछड़े प्रतिभाशाली छात्रों को निःशुल्क विशेष शिक्षा के साथ निवास की सुविधा उपलब्ध कराया गयी। प्रत्येक जिले में नवोदय विद्यालय स्थापित किए गए।

प्रमाणपत्र से नोकरी का संबंध विच्छेद

केवल शैक्षणिक पदवी पर ही मूल्यांकन न होकर राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर स्पर्धात्मक परीक्षाओं को महत्त्व दिया गया। विभिन्न नोकरी, व्यवसायों के लिए भिन्न-भिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया गया जिससे कुशल व्यावसायिकों का निर्माण होगा।

शिक्षा प्रबंध

शिक्षा का नियोजन तथा कार्यवाही को उचित तरीके से लागू करने हेतु निम्न मुद्दों को ध्यान में रखा गया-

(1) आवश्यकता उपलब्ध मनुष्यबल तथा विकास का योग्य नियोजन।

(2) शिक्षा का विकेंद्रीकरण करना स्वायत्त संस्थाओं का निर्माण।

(3) महिलाओं का समावेश।

(4) सरकारी, अर्धसरकारी, निजी संस्था, केंद्र तथा राज्यशासन सभी का समावेश हो तथा जिम्मेदारियों का विभाजन किया जाए।

(5) ध्येय तथा नियमों को तैयार करने के निकष निश्चित किए जाएं।

शिक्षक की भूमिका

शिक्षकों को सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध हो इसलिए उच्च आदर्शों तथा मूल्यों का पालन कराया जाए। माध्यमिक स्तर पर अधिक गुणवत्ता का विकास करना। शिक्षक की भूमिका समाज में श्रेष्ठ तथा महत्त्वपूर्ण हो।

(c) राममूर्ति पुनरावलोकन समिती-1992
(Rammurthy Review Committe-1992)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पुनरावलोकन करने के उद्देश्य से 1990 में एक समिति गठित की गई। इस समिति के अध्यक्ष आचार्य राममूर्ति थे इसलिए इसे राममूर्ति समिती कहा गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पंचवर्षिय योजना में शिक्षा का मूल्यांकन करना निश्चित हुआ था। अतः 1992 में इस नीति का पुनरावलोकन तथा मूल्यांकन कर कुछ परिवर्तन किए गए। तथा तैयार रिपोर्ट संसद के सदनों में रखी गयी जिसके प्रमुख मुद्दे निम्न प्रकार थे-

- समानता एवं न्याय
- शिक्षा का विकेंद्रीकरण
- पाठ्यक्रम में मूल्यों का समावेश
- समावेशक शिक्षा प्रबंध
- कार्यप्रणाली को गतिमान करना

राममूर्ति समिति की सिफारिशें

राममूर्ति पुनरावलोकन समिति के अहवाल में तीन अलग स्तरों पर सिफारिशें की गई है।

(1) शिक्षा की भूमिका तथा उद्देश्य

(2) प्रमुख सिफारिशें

(3) स्त्री शिक्षा

(1) शिक्षा की भूमिका तथा उद्देश्यों के विषय में सिफारिशें

- **कौशल प्राप्त करने की व्यवस्था :** छात्र प्रत्येक कृति तथा निरीक्षण द्वारा विभिन्न कौशलों को आत्मसात करे ऐसी शिक्षा पद्धति हो। गणित, सामाजिक व्यवहार, संप्रेषण, आदि कुशलताओं का समावेश पाठ्यक्रम में हो। छात्र अपने भावी जीवन में इन कौशलों का उपयोग कर व्यवसाय करने के लिए तैयार होना चाहिए।

- **वातावरण निर्मिती :** शिक्षा देने से पूर्व छात्रों के लिए उत्साही, आनंददायी, सहज, अनौपचारिक वातावरण की निर्मिती की जाए साथ ही शिक्षा द्वारा नैतिक सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय मूल्यों का विकास छात्रों में किया जाए।

- **तकनीकी एवं विज्ञान :** विज्ञान तथा तकनीकी की शिक्षा छात्रों को दी जाए इससे उनका बौद्धिक, सृजनात्मक विकास होता है। वर्तमान शिक्षा का आधार ही तकनीकी और विज्ञान है।

(2) प्रमुख सिफारिशें

- **व्यावसायिक शिक्षा का प्रबंध :** स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा का प्रबंध किया जाए। यह सभी छात्रों के लिए समान न्याय की दृष्टि से हितकर होनी चाहिए।

- **समान शैक्षणिक व्यवस्था :** स्कूल की आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु सरकारी, स्थानिक स्वायत्त संस्था, अनुदानित स्कूलों का शिक्षण स्तर बढ़ाया जाए तथा इनका रूपांतरण निजी स्कूलों में किया जाए।

- **असमानता को दूर करना :** शिक्षा में व्याप्त असमानता दूर की जाए। शिक्षा से वंचित अनुसूचित जाति, जनजाति, स्त्री वर्ग, आर्थिक दुर्बल, अल्पसंख्यक, अपंग इनकी शिक्षा के लिए प्रभावी रूप से कार्यवाही की जानी चाहिए।

- **परीक्षा पद्धति में सुधार :** छात्र के प्राप्त ज्ञान का मूल्यांकन करना केवल परीक्षा पद्धति का उद्देश्य नहीं है बल्कि इसके द्वारा पाठ्यक्रम, अध्यापन पद्धति, शिक्षक इन घटकों का भी मूल्यांकन होता है। अतः मूल्यांकन पद्धति वैध तथा विश्वसनीय होनी चाहिए।

- **शिक्षा का विकेंद्रीकरण :** देश की विविधता तथा क्षेत्रफल को देखते हुए केंद्र से राज्य, जिला, तहसील तथा ग्रामपंचायत तक शिक्षा का विकेंद्रीकरण होना चाहिए।

(3) स्त्री शिक्षा के लिए सिफारिशे

- प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक 50 प्रतिशत नियुक्ति स्त्री शिक्षिकाओं की होनी चाहिए।
- शिक्षिका को स्कूल के पास निवास की सुविधा प्रदान करे।
- महिलाओं के लिए प्रौढ़ शिक्षा का प्रबंध करे।
- व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था करे।
- शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर महिलाओं की नियुक्ति होनी चाहिए।

Unit 6

उभरती प्रवत्तियां (उदयोन्मुख प्रवाह)

(Imerging Trends)

(A) उपनिवेशिक शिक्षा (1835-1947)

(Colonial Education)

भारत में अंग्रेजों के साथ अन्य परकीय संताओं ने उपनिवेश बनाये हुए थे। भारत में विदेशी कंपनियों का वर्चस्व था। हिंदू तथा मुस्लिमों के लिए उनकी अलग-अलग संस्कृति तथा साहित्य की शिक्षा स्कूलों में दी जाती थी। इन स्कूलों को वनीकुलर स्कूल कहा जाता था। अंग्रेजो ने भारत में मिशनरी स्कूलों की स्थापना की इसका प्रभाव भारतीय स्कूलों पर पड़ा। उनकी शिक्षा पद्धति में थोड़ा परिवर्तन किया गया जिनमें वाचन, लेखन, हिसाब-किताब करना सिखाया जाने लगा। मिश्नरी स्कूलों का प्रमुख उद्देश्य धर्मप्रचार, पाश्चात्य शिक्षा तथा सामाजिक स्तर में विकास करना था।

चार्टर एक्ट-1813 (Charter Act of 1813)

चार्टर एक्ट में कानून की धारा 43 के अनुसार भारतीयों की शिक्षा का दायित्व कंपनी को सौंपा गया था। तथा इसका खर्च कंपनी उठाएगी यह तय हुआ। इस एक्ट में कानून, साहित्य, विद्वान इन शब्दों का प्रयोग किया था जिसका अर्थ स्पष्ट नहीं था। इसलिए इनके अर्थ में मतभेद हो गए पूर्वी और पश्चिमी ऐसे दो गुट तैयार हुए। इस मतभेद को पूर्वी तथा पाश्चात्य मतभेद कहा जाता है।

उदाहरणस्वरूप साहित्य शब्द का अर्थ संस्कृत साहित्य तथा अरब साहित्य होता है यह भारतीयों का मत था। इसलिए कंपनी संस्कृत स्कूल तथा मदरसों का खर्च उठाए यह उनका विचार था। उन्होंने धारा 43 में उल्लेखित शब्द विद्वान का अर्थ संस्कृत के विद्वान लगाया।

पश्चिमी समूह के अनुसार साहित्य अर्थात अंग्रेजी साहित्य इसलिए अंग्रेजी स्कूलों का खर्च कंपनी उठाए। विद्वान अर्थात अंग्रेजी के विद्वान। इस प्रकार मतभेद होता रहा। सरकारने केवल प्रेक्षक की तरह रहकर 10 वर्ष तक इसी वाद को चलने दिया।

लॉर्ड मेकॉले का घोषणापत्र (Lord Macaulay's Minutes)

लॉर्ड मेकॉले गर्वनर जनरल कौन्सिल का कानूनी सलाहकार था। वह भारत आया तब पूर्वी तथा पश्चिमी वाद चल रहा था। गर्वनर जनरल लॉर्ड बेटीक ने मेकॉले को लोकशिक्षा समिति का सभापति नियुक्त किया। तथा धारा 43 में किए विधान का स्पष्टीकरण एवं सलाह माँगी। मेकॉले ने सभी के विचार समझकर लॉर्ड बेटिक को यह परामर्श दिया-

- चार्टर एक्ट की धारा 43 के तहत सरकार को वार्षिक शिक्षा के लिए लाख रुपये कहा एवं कैसे खर्च करने है यह सरकार तय करेगी।

- साहित्य में संस्कृत, अरब तथा अंग्रेजी तीनों का समावेश होता है।
- विद्वान केवल संस्कृत पंडित था मुस्लिम मौलवी ही नहीं बल्कि अंग्रेजी के विद्वान का भी उसमे समावेश होता है।

मेकॉले ने भारतीय भाषा तथा अंग्रेजी भाषा में शिक्षा संबंधी यह विचार दिए-

- अंग्रेजी भाषा संस्कृत तथा अरब से अधिक उपयुक्त है इससे ज्ञान का विस्तार होता है।
- भारतीय राजकर्ताओं की भाषा अंग्रेजी है तथा उच्च वर्ग में उसका उपयोग होता है। विदेशी व्यापार के लिए भी अंग्रेजी महत्त्वपूर्ण है।
- भारतीय नयी भाषा (अंग्रेजी) सीखने के लिए अधिक उत्सुक है।
- भारतीयों को अंग्रेजी शिक्षा देकर उनकी प्रगति की जाय।
- जिस प्रकार युरोपियन देशों की क्रांति अंग्रेजी के कारण हुई उसी तरह भारत का पुनर्जीवन करने के लिए अंग्रेजी महत्त्वपूण है।

पाझर सिद्धांत

भारतीय शिक्षा की क्रांति में पाझर सिद्धांत अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहा। इस सिद्धांत के अनुसार "जॉन का प्रवाह उच्च स्तर से निम्न स्तर के लोगों तक धीरे-धीरे बहता रहता है। उसके लिए विशेष प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं होती।" इस सिद्धांत का समर्थन मेकॉले, ईस्ट इंडिया कंपनी तथा मिशनरी ने किया।

पाझर सिद्धांत की स्विकृति के कारण

- ईस्ट इंडिया कंपनी का दृष्टिकोण व्यावसायिक था। इसके लिए सुशिक्षित मजदूरों की उन्हें जरूरत थी।
- भारतीयों की शिक्षा पर अतिरिक्त खर्च करने की मानसिकता नहीं थी।
- ब्रिटीश सरकार के प्रशासन में नोकरी करनी हो तो अंग्रेजी शिक्षा जरूरी है इससे भारतीयों को अपनी ओर आकर्षित कर सकते थे।
- उच्च वर्ग निम्न वर्ग के लोगों को अंग्रेजी शिक्षा दे सकते है।

मेकॉले के घोषणापत्र के लाभ (Merits)

